**दिनांक- 19-01-23**

# प्रेस विज्ञप्ति

**रेलटेल अपनी रिटेल ब्रॉडबैंड सेवा के ग्राहकों के लिए मूल्य वर्धित सेवा (Value added service) के रूप में इंटरनेट प्रोटोकॉल टेलीविजन (IPTV आईपीटीवी) सेवा शुरू करने जा रहा है।**

**आईपीटीवी सेवा पूर्वी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में 26 जनवरी, 2023 से शुरू की जाएगी।**

**इस सेवा के लिए रेलटेल ने हैदराबाद स्थित कंपनी सिटी ऑनलाइन मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की है, जो पूरे भारत में आईपीटीवी सेवा देने वाली एक प्रमुख कंपनी है। वह उल्का टीवी(ULKA TV) ब्रांड के तहत यह सेवा प्रदान करेगी।**

**ग्राहकों को दिए जाने वाले उल्का टीवी(ULKA TV) सेटटॉपबॉक्स में कई विशेष और इंटेलिजेंट फीचर होंगे।**

**यह आईपीटीवी सेवा इंडस्ट्री में सबसे बेहतर गुणवत्ता के वीडियो उपलब्ध कराने के लिए HEVC (उच्च दक्षता वीडियो कोडिंग) से लैस नवीनतम 4K तकनीक प्रदान करेगी।**

**रेलवायर के अंतर्गत यह आईपीटीवी सेवा, घरों को साधारण टेलीविजन घरों से इंटरनेट घरों में परिवर्तित कर देगी और घरों के लिए स्मार्ट सेवाओं की संभावनाओं के द्वार खोल देगी: श्री संजय कुमार, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रेलटेल।**

*************************

रेल मंत्रालय का मिनी रत्न पीएसयू रेलटेल अपने ग्राहकों को महत्वपूर्ण मूल्य वर्धित सेवाएं (Value added service) प्रदान करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए अपनी रिटेल ब्रॉडबैंड सेवा "रेलवायर" के ग्राहकों के लिए इंटरनेट प्रोटोकॉल टेलीविजन (IPTV) सेवा शुरू कर रहा है। आईपीटीवी एक ऐसी सेवा है जो ब्रॉडकास्ट टीवी, केबल टीवी या सैटलाइट संकेतों के विपरीत ट्रांसमिशन कंट्रोल प्रोटोकॉल / इंटरनेट प्रोटोकॉल (TCP/IP) सूट का उपयोग करके टेलीविजन प्रोग्रामिंग और अन्य वीडियो सामग्री उपलब्ध कराती है।

इस सेवा के लिए रेलटेल ने हैदराबाद स्थित कंपनी सिटी ऑनलाइन मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी की है, जो पूरे भारत में एक प्रमुख आईपीटीवी सेवा प्रदाता है। वह "ULKA TV" ब्रांड के तहत रेलवायर ग्राहकों को आईपीटीवी सेवा प्रदान करेगी। कंपनी रेलटेल के ब्रॉडबैंड यूजर्स को मोबाइल पर अपने "ULKA Mini" ऐप और स्मार्ट टीवी पर "ULKA LITE" ऐप के जरिए आईपीटीवी कंटेंट तक पहुंच प्रदान करेगी। इन ऐप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह आईपीटीवी सेवा इंडस्ट्री में सर्वोत्तम गुणवत्ता के वीडियो उपलब्ध कराने के लिए HEVC (उच्च दक्षता वीडियो कोडिंग) से लैस नवीनतम 4K तकनीक प्रदान करेगी।

आईपीटीवी सेवाएं 26 जनवरी, 2023 से देश के पूर्वी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में शुरू की जा रही हैं, जिनमें पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा, मणिपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश शामिल हैं। अन्य क्षेत्रों में रेलटेल ग्राहकों तक आईपीटीवी सेवाओं का विस्तार करने की संभावनाओं पर बाद में फीडबैक, लोकल डिमांड और तकनीकी लॉजिस्टिक्स का आंकलन करने के बाद विचार किया जाएगा।

इस सुविधा के माध्यम से, ग्राहक रेलटेल के आईपी नेटवर्क पर उच्च गुणवत्ता के डिजिटल टीवी चैनलों के साथ-साथ उसी ऑप्टिकल फाइबर पेयर पर ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाओं का आनंद ले सकेंगे। फ्री टू एयर (FTA) चैनलों को सेटटॉपबॉक्स (STB) के बिना देखा जा सकेगा जबकि अन्य

चैनलों को देखने के लिए STB की आवश्यकता होगी। ULKA TV एसटीबी एक खास इंटेलिजेंट डिवाइस होगा और मिनी-कंप्यूटर के रूप में काम करेगा। STB 600 से अधिक लाइव सैटेलाइट टीवी चैनल, स्थानीय स्टेशन और लोकप्रिय OTT एप्लिकेशन की सुविधा प्रदान करेगा। इस एसटीबी से ब्लूटूथ की-बोर्ड को जोड़ा जा सकेगा और लैपटॉप या कंप्यूटर के बिना ही शैक्षिक ऐप्लीकेशन के सपोर्ट के लिए टीवी सेट के माध्यम से दो-तरफा संचार किया जा सकेगा। इससे यूएसबी कैमरे को जोड़कर उपभोक्ता वीडियोकॉन्फ्रेंस सुविधा का भी लाभ ले सकेंगे। इस एसटीबी की सहायता से आईपीटीवी सेवाओं को गैर-स्मार्ट टीवी में भी देखा जा सकेगा।

रेलवायर ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं के पास ULKA TV सेवाओं का उपयोग करने के लिए पोर्टेबल सेट-टॉप-बॉक्स (स्टिक व बॉक्स), LAN और वाई-फाई का विकल्प होगा। आईपीटीवी सेवाओं से घर में अलग से केबल टीवी डिश एंटीना लगाने या केबल लगवाने की जरूरत खत्म हो जाएगी। चूंकि यह ऑप्टिकल फाइबर पर काम करेगा, इसलिए आसमान में घने बादल या केबल को नुकसान की चिंता किए बिना उच्च गुणवत्ता का दृश्यता अनुभव लिया जा सकेगा। मल्टी-स्क्रीनऑप्शन टीवी, लैपटॉप, टैबलेट, मोबाइल फोन आदि पर भी सुविधा मिलेगी और इंटरनेट एक्सेस होने पर कोई भी किसी भी समय और कहीं भी अपने पसंदीदा शो और फिल्में देख सकेगा। आईपीटीवी सेवाएं बिना झंझट वाली स्ट्रीमिंग सेवाएं हैं, कम खर्चीली हैं और अगर दर्शक चूक जाएं तो उन्हें अपने पसंदीदा शो को रिकॉर्ड करने की सुविधा भी देती हैं।
यही नहीं, आईपीटीवी का उपयोग करके स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, कर संग्रह और अन्य सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं (public utility services) को भी घरों तक पहुंचाया जा सकता है।

IPTV सेवा रेलटेल के नेटवर्क संचालन केंद्रों (NOC) में स्थापित स्थानीय सामग्री वितरण नेटवर्क (CDNs) से प्रदान की जाएगी।
इसके बारे में बताते हुए **रेलटेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री संजय कुमार ने कहा,** "रेलटेल के स्वामित्व वाला ओएफसी नेटवर्क ग्रामीण क्षेत्रों सहित देश की 70% से अधिक आबादी तक पहुंचता है। रेलटेल अपने अखिल भारतीय उच्च क्षमता नेटवर्क के जरिए विभिन्न फ्रंटों पर एक नॉलेज सोसायटी बनाने की दिशा में काम कर रहा है। भारत सरकार देश भर में, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड केबल सेवाओं के विस्तार के लिए उत्सुक है। रेलवायर के अंतर्गत उपलब्ध कराई जाने वाली आईपीटीवी सेवाओं से घरों को साधारण टेलीविजन घरों से इंटरनेट घरों में परिवर्तित किया जा सकेगा और घरों के लिए स्मार्ट सेवाओं की संभावनाएं खुल जाएंगी। रेलटेल शहरी-ग्रामीण डिजिटल विभाजन को कम करने और डिजिटल साक्षरता को आगे बढ़ाने और देश के डिजिटल परिवर्तन में तेजी लाने के लिए देश के आंतरिक और दूरस्थ क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड पहुंच में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

**रेलटेल के बारे में**

रेल मंत्रालय के अधीन केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम एक "मिनी रत्न (श्रेणी-I)" रेलटेल देश के सबसे बड़े न्यूट्रल टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एवं आईसीटी एवं सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक है, जिसका ऑप्टिक फाइबर नेटवर्क पूरे भारतवर्ष में फैला है, जिसमें देश के अनेक नगर और शहर तथा ग्रामीण क्षेत्र शामिल हैं। ऑप्टिक फाइबर के 61000+रूट किलोमीटर के एक विश्वसनीय नेटवर्क के साथ रेलटेल के MeitY empaneled tier III के दो डेटा सेंटर भी हैं। पूरे भारतवर्ष में अपने उच्च क्षमता वाले नेटवर्क के साथ, रेलटेल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में एक नॉलेज सोसाइटी के सृजन का कार्य किया जा रहा है और टेलीकॉम के क्षेत्र में भारत सरकार की विभिन्न मिशन आधारित परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भी रेलटेल को चुना गया है। रेलटेल द्वारा अनेक सेवाएं जैसे एमपीएलएस, वीपीएन, टेलीप्रेजेन्स, लीज़्ड लाइन, टॉवर को-लोकेशन, डेटा सेंटर सर्विसेस इत्यादि भी ऑफर की जाती हैं। रेलटेल द्वारा भारतीय रेल के साथ मिलकर पूरे देश में रेलवे स्टेशनों पर पब्लिक वाई-फाई की व्यवस्था करते हुए देश के रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने का कार्य किया जा रहा है।

**अधिक जानकारी के लिए,कृपया संपर्क करें -**
sucharita@railtelindia.com